
## एक नजर में

### भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ .माने ने किया गेहूं खरीदी केंद्र पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण



**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष डॉ.श्री मनोज जी माने द्वारा बुरहानपुर स्थित कृषि उपज मंडी में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के गेहूं खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अन्नदाता किसानों से आत्मीय संवाद किया। डॉ.माने ने कहा कि किसानों की मेहनत को उचित मूल्य दिलाना और खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर एक दाना किसान के परिश्रम, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। उसका सम्मान सुनिश्चित करना ही हमारी सच्ची सेवा है। उन्होने कहा कि प्रदेश और राष्ट्र के अन्न भंडार को समृद्ध बनाने में किसानों का योगदान अतुलनीय है और उनके हितों की रक्षा के लिए हम निरंतर संकल्पित हैं। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री अरुण पाटिल जी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष श्री कैलाश पारीक, जिला कार्यालय मंत्री श्री करण प्रजापति, श्री संदीप पाटिल, श्री अनिल वानखेड़े, श्री रविन्द्र काले जी सहित भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### जब तक जीवन में स्वयं में बदलाव के बिना हमारा जीवन कभी नहीं बदल सकता है : आदित्य भाई मुखिया



**बुरहानपुर।** श्री गोकुल चंद्रमा जी मंदिर में श्री आदित्य भाई मुखिया जी ने आज अष्ट शाखा वार्ता में श्री गोविंद स्वामी का चरित्र का वर्णन किया। आपने बताया कि गोविंद स्वामी ने जब श्री गोसाई जी परम दयाल जी का दर्शन किया तो उनके मन का समाधान हो गया कोई बड़े आचार्य हैं इसलिए उन्होंने उनसे दीक्षा ली एवं स्वयं जो गोविंद स्वामी कहलाते थे आप गोविंद दास कहलाने लगे जब उनसे मिलने एक व्यक्ति आये और कहां की गोविंद स्वामी कहां पर है तब उन्होंने कहा कि गोविंद स्वामी मर गए आब तो उनके दास है बस यही जीवन का बदलाव उनको श्रीनाथजी की सेवा में खींच लिया। पुष्टिमार्ग में जब तक जीवन मे स्वयं में बदलाव के बिना हमारा जीवन कभी नहीं बदल सकता है। हमारे जीवन में अशांति, अप्रसन्नता अथवा दुरूखों का कारण कोई और नहीं अपितु हम स्वयं हैं। कई बार हमारे द्वारा अपनी अशांति, अपने दुःखों अथवा अपने द्वंदों का कारण दूसरों को मान लिया जाता है। हम जीवन में सुखी तो होना चाहते हैं पर दूसरों को बदल करए स्वयं को बदल कर नहीं। हम अपनी ऊर्जा का उपयोग दूसरों को समझाने में करते हैं पर स्वयं को नहीं समझा पाते। लोग हमें समझें अथवा न समझें पर हमारी समझ में अपना स्वयं का स्वभाव अवश्य आना चाहिए।

दूसरे लोग हमें नहीं समझ रहे हैंए यह चिंता का विषय बिल्कुल भी नही है पर हम स्वयं भी अपने आप को नहीं समझ पा रहे हैं तो यह अवश्य विचारणीय विषय है। स्वयं को जानने का प्रयास करो। जो स्वयं को जान लेता है वो अपने जीवन में घटित हो रही बहुत सारी समस्याओं का समाधान भी स्वयं खोज लेता है। स्वयं को समझें और स्वयं को बदलें यही जीवन की प्रसन्नता का आधार हे। 'जिंदगी में हर मोड़ हमारी मर्जी का नहीं होता, कभी वक्त रास्ता चुनता है तो कभी हालात मंज़िल बदल देते हैं। इसलिये प्रॉब्लम पर ध्यान लगाएंगे तो गोल दिखना बंध हो जाएगा और जब गोल पर ध्यान लगाएंगे, तो प्रॉब्लम दिखना बंध हो जायेगी। नेगेटिव लोगों से दूर रहना होगा क्योंकि वो हमारे हर सलूशन में कोई न कोई प्रॉब्लम निकाल देंगे फिर हमें चैन से जीने नहीं देंगे। श्री महाप्रभु जी को आज झूले में विराजमान किया गया था श्री गोविंद स्वामी ने अनेक पदों की रचना करें और अंतिम समय आचार्य के साथ गिरी कंदरा में पधारे। आज श्री आदित्य भाई का स्वागत डॉक्टर संजीव कपाड़िया श्री संतोष भाई श्रॉफ, शोभा दलाल, अनीता दलाल, निवृत्ति तारकश, प्रीति शाह, शारदा कपाड़िया, कमलेश सोनी द्वारा किया गया। शनिवार के दिन सभी भक्त श्री महाप्रभुजी की सामूहिक आरती भागवत भूषण श्री हरि कृष्णा भाई मुखिया जी के सानिध्य में करेंगे।

### 2010 के पूर्व नियुक्त समस्त शिक्षकों की टीईटी परीक्षा अनिवार्यता रद्द की जाए

**खकनार।** आज जिला संयोजक किशोर जाधव एवं जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने नेपानगर विधायक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने और सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने हेतु शासन स्तर पर कार्रवाई की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से आग्रह किया कि वे सर्वोच्च न्यायालय में शासन की ओर से पुनर्विचार याचिका दायर करने के लिए पहल करें। शिक्षकों ने बताया कि टीईटी की अनिवार्यता ने उनकी आर्थिक एवं मानसिक स्थिति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, जिससे उनकी सामाजिक स्थिति भी बिगड़ सकती है। लंबे अनुभव वाले शिक्षकों के लिए यह अत्यधिक मानसिक बोझ बन गया है। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर आवश्यक पहल करेंगी। इस दौरान योगेश राठौर, राजेंद्र मिश्रा, संजय अटकड़े, कृष्ण कुमार पाराशर सहित अन्य शिक्षक.शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने की कलेक्टर से मुलाकात



**बुरहानपुर।** गुरुवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष रिंकु टाक ने बुरहानपुर कलेक्टर हर्ष सिंह जी को मुलाकात कर जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान संगठन मंत्री जसलीन कीर, उपाध्यक्ष कैलाश यावतकर, कांग्रेस महामंत्री आशीष भगत, सचिव हेमंत सोनवने, अमर पाटिल उपस्थित थे।

### किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट के समक्ष किया प्रदर्शन

**महू.** किसानों का गेहूं सीधी पद्धति से समर्थन मूल्य से जल्द खरीदने, कर्जमाफी, गेहूं का भुगतान शीघ्र करने और ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान का मुआवजा देने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने इंदौर कलेक्टर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया. इस अवसर पर एक ज्ञापन भी दिया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता सदाशिव यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामेश्वर पटेल, अशोक सैनी, जीतू ठाकुर, कमल चौधरी, एडवोकेट दौलत पटेल, बंसी कौशल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे.

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती, होटल में रेप, उपचार के दौरान मौत, गिरफ्तारी

## दो दिन पहले किया था आरोपी को गिरफ्तार, भेजा जेल



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले में एक नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। आरोपी ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर बालिका के साथ कई बार दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी अनुसार 17 वर्षीय नाबालिग की दोस्ती इंस्टाग्राम पर गणेश चौधरी नाम के युवक से हुई थी। आरोपी एक होटल में काम करता था। आरोप है कि गणेश ने बालिका को रात में चौपाटी बुलाकर कई बार होटल ले जाकर उसके साथ गलत काम किया।

बताया जा रहा है कि एक माह पहले बालिका की तबीयत बिगड़ने लगी। 7 अप्रैल को परिजन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान बालिका का करीब दो माह का गर्भ गिर गया, जिसके बाद परिजनों को दुष्कर्म की जानकारी हुई।

**दो दिन पहले आरोपी गिरफ्तार:-** परिजनों की शिकायत पर गणपति नाका थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी गणेश चौधरी को 8 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। इसी बीच आज शुक्रवार उपचार के दौरान बालिका की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 51, 6, बीएनएस की धारा 64.2 एमए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम में डब्ल्यू आई आई के तहत मामला दर्ज किया है।

गणपति नाका थाना टीआई सुरेश महाले ने बताया कि शिकायत 7 अप्रैल को मिली थी और आरोपी को 8 अप्रैल को पकड़ा गया था। मृतका के पिता ने बताया कि उनकी बेटी को उल्टी हो रही थी और डॉक्टरों को भी दुष्कर्म की जानकारी नहीं थीए वे उल्टी का ही इलाज कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें इंस्टाग्राम पर बेटी की दोस्ती के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

### सिरपुर में जुआ खेलते 6 पकड़ाए, ताश पत्ते सहित नकदी जब्त



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार व्दारा क्षेत्र में अवैध जुआ-सट्टा पर प्रभावी कार्रवाई करने को निर्देशित किया गया है। इसके पालन अति. पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नेपानगर निर्भयसिंह अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अभिषेक जाधव को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिरपुर में कुछ व्यक्तियो द्वारा पत्तो से हार जीत का जुआ खेल रहे है। सूचना पर विश्वास कर हमराह फोर्स के ग्राम सिरपुर में टीम बनाकर रवाना किया गया। ग्राम सिरपुर में मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर 06 व्यक्ति जुआ खेलते दिखे जिन्हे फोर्स की मदद से घेराबन्दी कर पकडा गया। मौके पर आरोपियो के कब्जे एवं फड़ से 52 ताश पत्ते व कुल नकदी 5650 रूपये जप्त किये गये।

**गिरफ्तार आरोपी:-** संतोष पिता गोपाल जाति कंबी मराठा निवासी ग्राम सिरपुर, अक्षय पिता रविन्द्र भालेराव जाति महार निवासी ग्राम निम्बापुर, शुभम पिता राजाराम प्रजापति जाति कुम्हार निवासी ग्राम खेरखेड़ा, कैलाश पिता बलिराम चौहान जाति बंजारा निवासी खैरखेडा, प्रफुल्ल पिता मधुकर महाजन जाति कुंबी निवासी ग्राम हनुमतखेडा, शाहरुख पिता रफीक जाति मुसलमान निवासी ग्राम खेरखेडा।

**महत्वपूर्ण भूमिका:-** निरीक्षक अभिषेक जाधव, प्रआर मनीष भटुरे, प्रआर अजय अजनारे ए आरक्षक सुनिल धुर्वे, विजेन्द्र देवल्ये, अजय अहिरवार, कैलाश मोरे की भूमिका रही।

### आचार्य श्री विभवसागर ने दिए प्रवचन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विशाल संघ सहित विराजमान आचार्य श्री विभवसागर जी महाराज प्रतिदिन सर्वार्थसिद्धि, आलापपद्धति, पद्मपुराण, तत्त्वार्थसूत्र आदि ग्रंथों की वाचना कर रहे हैं। आचार्य ने अनंत दर्शन, अनंत ज्ञान, अनंत सुख, अनंत वीर्य और चार अघातिया कर्मों की चर्चा के साथ चारित्र ही सुख का कारण हैय इस विषय पर शास्त्रीय चर्चा की। वाचना के मध्य प्रो. सुरेन्द्र जैन भारती ने आचार्य श्री को उनके द्वारा रचित श्री ऋद्धि-सिद्धि मंगल विधान भेंट किया। यह जानकारी शांतिलाल जैन ठोलिया ने दी।

## सिंधीपुरा-लोहारमंडी रोड का महापौर ने किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कायाकल्प योजना 2.0 अंतर्गत सिंधीपुरा गेट से खण्डवा रोड तक एवं लोहारमंडी रोड से सुधार पट्टी होते हुए विठ्ठल मंदिर से नागझिरी घाट तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ;लागत 174.83 लाख रुपये शीघ्र प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है।

निर्माण कार्य के पूर्व महापौर माधुरी अतुल पटेल द्वारा संबंधित स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले सड़कों पर स्थित चेम्बर्स सहित अन्य संरचनाओं का समुचित लेवल लिया जाए तथा तकनीकी मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए।

महापौर पटेल ने विशेष रूप से कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए तथा निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं टिकाऊ हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता पूर्ण निर्माण सुनिश्चित करेंए जिससे आम नागरिकों को बेहतर एवं सुगम आवागमन सुविधा प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान इस महापौर माधुरी अतुल पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल, गजेंद्र पाटिल युवा नेता, एम आई सी सदस्य अनिल विसपूते, भारत इंगले, नितेश दलाल, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू, उपयंत्री, गोपाल महाजन, सौरभ वर्मा उपस्थित रहे।

## बुरहानपुर में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी कार्य शुरू

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कृषक कल्याण वर्ष अंतर्गत किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं व्यवस्थाओं के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को उनकी फसल का समर्थन मूल्य समय पर उपलब्ध हो, इसके लिए उपार्जन व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुगम बनाया गया है। इसी कड़ी में जिले में गेहूं उपार्जन वर्ष 2026.27 के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक तोल मशीन का पूजन कर विधिवत खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री मनोज माने, अन्य जनप्रतिनिधिगण, सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले में सहकारी समिति लोनी द्वारा सेंट्रल वेयरहाउस बहादरपुर रोड स्थित उपार्जन केंद्र पर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी प्रारंभ की गई। प्रथम दिवस पर पंजीकृत किसानों द्वारा अपनी उपज विक्रय हेतु



प्रस्तुत की गई। केन्द्र पर गेहूं उपज की खरीदी मानकस्तरों के आधार पर की जा रही है। गेहूं उत्पादक किसान संबंधित पोर्टल पर स्लॉट बुक करके समर्थन मूल्य पर गेहूं बिक्री कर सकते है। कृषकगण कृषि उपज विक्रय करने हेतु अपना आधार कार्ड अवश्य लेकर आयें। उपार्जन केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैंए जिससे कृषकों को सुगम एवं पारदर्शी तरीके से अपनी उपज का विक्रय करने की सुविधा मिल रही है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि आंदोलन पूर्ण होकर बनें भव्य मंदिर : राठौड़

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के महंत डॉ नरेशपुरी महाराज के पावन सानिध्य एवं आचार्य राजेश्वर जी महाराज के नेतृत्व में श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ति आंदोलन एवं महाकाव्य के माध्यम से जन जागृति अभियान देश के 500 नगरों में जनसंपर्क सभा हो रही है।

श्रीकृष्णम महाकाव्य पर आधारित संगीत में प्रस्तुति अंतर्गत बुरहानपुर पहुची यात्रा का के आचार्य वृन्द का प्रीति सिंह राठौड़ राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय पंचायत परिसद द्वारा लिकर स्वागत सम्मान किया। आपने उनके संकल्प की पुर्ती एवं भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो ऐसी प्रार्थना परमपिता परमेश्वर से की। बतादे कि श्री कृष्ण रथ यात्रा रामेश्वर से पंढरपुर और श्री कृष्ण रथ यात्रा पंढरपुर से मथुरा 8 से 14 दिसंबर 2025 एवं 4 से 14 अप्रैल 2026 के आज बुरहानपुर आगमन पर पधारे। सभी साधु संतों का जगह



जगह स्वागत हुआ। श्री कृष्णा जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन की रथ यात्रा के सूत्रधार आचार्य राजेश्वर जी द्वारा मथुरा में विशाल कृष्ण मंदिर बनाने का संकल्प लेकर पंढरपुर से मथुरा रथ यात्रा निकाली जा रही है। आचार्य राजेश्वरजी का स्वागत स्वरूप प्रीति सिंह को भी सम्मानित किया।

## सोमनाथ मंदिर : आस्था और इतिहास की गाथा, कॉलेज में हुई प्रश्नोत्तरी

**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पंडित जवाहरलाल नेहरू शासकीय महाविद्यालय नेपानगर में सोमनाथ मंदिर के इतिहास व सांस्कृतिक महत्व पर आधारित ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य व संरक्षक डॉ मनीषा साकल्ले के निर्देशन व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ मनीषा साकल्ले ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरें हमारी राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव की प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सोमनाथ



मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहींए बल्कि भारतीय संस्कृति की अदम्य आस्था, संघर्ष और पुनर्निर्माण की प्रेरणादायक गाथा का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में इतिहास के प्रति जिज्ञासा और राष्ट्रीय चेतना का विकास होता है। इस अवसर पर इतिहास विभाग के प्राध्यापक प्रो चन्द्रपाल सिंह रावत ने विद्यार्थियों को सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास, उसके निर्माण, उस पर हुए विदेशी आक्रमणों तथा समय-समय पर हुए पुनर्निर्माण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमनाथ मंदिर भारतीय सभ्यता की दृढ़ता और सांस्कृतिक निरंतरता का जीवंत प्रतीक है, जिसने अनेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपनी पहचान और आस्था को बनाए रखा। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लिया तथा सोमनाथ मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देकर अपने ज्ञान और जागरूकता का परिचय दिया। प्रतियोगिता केमाध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के प्रति गहन समझ विकसित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजू सपकाले, डॉ संजीव सपकाले, डॉ मायाराम चौहान सहित महाविद्यालय का स्टाफउपस्थित रहा। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

## डॉ .सुरेन्द्र जैन भारती पुन : उपाध्यक्ष चुने गये

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जैनधर्म, दर्शन के मूर्धन्य मनीषी एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष कर्मयोगी डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती को पारसनाथ जैनवाड़ी हाटकेश्वर, अहमदाबाद में सम्पन्न हुए अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्‌त्परिषद् के चुनाव में आगामी तीन वर्ष के लिए पुनः सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष काशी हिन्दू वि.वि., वाराणसी के पूर्व जैनबौद्ध दर्शन विभागाध्यक्ष डॉ.अशोककुमार जैन चुने गये।

यहाँ उल्लेखनीय है कि डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती दिसम्बर, 2000 से नवम्बर, 2022 तक लगातार छह बार महामन्त्री उसके पश्चात् दो बार उपाध्यक्ष के रूप में चयनित हुए हैं।



संरक्षक प्रो.रमेशचन्द जैन ने उन्हें विद्‌त्परिषद् का प्राण निरूपित किया। जगत्पूज्य निर्यापक मुनिपुङ्गव श्री सुधासागर जी महाराज, उपाध्याय श्री सुदत्तसागर जी, प्रसन्नमना मुनि श्री प्रणुतसागर जी एवं क्षुल्लक गौरव श्री गंभीरसागर वर्णी जी, क्षुल्लक श्री विनियोगसागर जी ने शुभाशीर्वाद प्रदान किया।

## नि : शुल्क स्वास्थ्य शिविर-जागरूकता कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉण् सैमुअल हैनीमैन की 271वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा जिले के शासकीय होम्योपैथी औषधालय खकनारए धामनगांव एवं असीर में निःशुल्क होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविरए जन.जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य परामर्श का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिला आयुष अधिकारी डॉ.कविता गढ़वाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस की थीम दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी होम्योपैथी के माध्यम से सामंजस्य: सीमाओं से परे उपचार व होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के लाभों के बारें में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों को होम्योपैथी उपचार अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

शिविरों में रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सामान्य ज्वर, श्वास, कास, अतिसार, वमन, चर्म रोग, उदर रोग, रक्ताल्पता, कमजोरी, श्वेत प्रदर, महिलाओं से संबंधित समस्याएं, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह सहित विभिन्न रोगों का होम्योपैथी पद्धति से उपचार किया गया। शिविरों में करीबन 454 रोगियों ने उपचार एवं परामर्श का लाभ प्राप्त किया। शिविरों के सफल संचालन में स्थानीय जन प्रतिनिधिगणों, होम्यो पैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मिबाला वर्मा, डॉ.महेन्द्र सिंगोरिया, डॉ.भूपेन्द्र मण्डलोई का सहयोग रहा।

## एक नजर

### सेवासदन महाविद्यालय में एम .कॉम विद्यार्थियों का शोध प्रस्तुतिकरण

## सफल आयोजन में छात्रों की मेहनत-प्राध्यापकों का कुशल मार्गदर्शन : ठाकुर

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सेवासदन महाविद्यालय, बुरहानपुर के वाणिज्य विभाग द्वारा एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु शोध पत्र प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 26 विद्यार्थियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए, जिनमें 24 नियमित एवं 2 स्वाध्यायी विद्यार्थी शामिल रहे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने समसामयिक एवं अत्यंत प्रासंगिक विषयों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। प्रमुख विषयों में ई.कॉमर्स एवं वर्तमान समय, नेट बैंकिंग, डिजिटल पेमेंट सिस्टम तथा महिला सशक्तिकरण में ई.कॉमर्स की भूमिका जैसे विषयों को प्रमुखता से शामिल किया गया। विद्यार्थियों ने अपने शोध में नवीनतम आंकड़ों, विश्लेषण तथा व्यावहारिक दृष्टिकोण का समावेश करते हुए प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया।

इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ



एवं बाह्य परीक्षक के रूप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय, नेपानगर बुरहानपुर से वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ.संजीव कुमार सपकाले विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के शोध कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शोध की विधियों, गुणवत्ता एवं प्रस्तुतीकरण कौशल के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्षा श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह जी ठाकुर ने इस सफल आयोजन को विद्यार्थियों की मेहनत एवं प्राध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम बताया। समिति सचिव हसमुखलाल जरीवाला एवं प्राचार्य डॉ एस एम शकील ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रभारी प्राचार्य डॉ.अनीष पटेल ने विद्यार्थियों को शोध के महत्व को समझाते हुए कहा कि शोध कार्य विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास एवं व्यावसायिक दक्षता को बढ़ाने में सहायक होता है। वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ.सुशील माहेश्वरी ने भी विद्यार्थियों को शोध की बारीकियों से अवगत कराया तथा उन्हें निरंतर अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ.विनोद काले, डॉ.अभिलाषा पांडे, डॉ.रश्मि गोविंदजी वाला, प्रो.मनीष पारीक, प्रो.अर्पिता गड़े, प्रो.शिवानी मेहता, प्रो.रितु शर्मा एवं प्रो.रिया ठाकुर सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, बल्कि उनके शोध कौशल, आत्म विश्वास एवं प्रस्तुतीकरण क्षमता को भी सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह विचार आभार प्रदर्शन के पूर्व डॉ.विनोद काले द्वारा व्यक्त किए गए। उन्होंने आभार प्रदर्शन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का कार्यक्रम को सफल बनाने को धन्यवाद दिया।